राज्य के मनोनीत राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार के आज राज भवन, राँची आगमन के पूर्व बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुंचने पर बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट परिसर में 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

इसके उपरांत मनोनीत राज्यपाल का माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, झारखंड विधान सभा अध्यक्ष श्री रबीन्द्रनाथ महतो, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य श्री रामेश्वर उरांव, श्री बन्ना गुप्ता, श्रीमती दीपिका पांडे सिंह, श्री इरफान अंसारी, विधान सभा सदस्य श्रीमती कल्पना सोरेन, राज्य के मुख्य सचिव श्री एल० खियांग्ते, अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री अनुराग गुप्ता, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग श्रीमती वंदना दादेल, राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी सहित राज्य सरकार के अन्य वरीय अधिकारीगणों ने स्वागत किया।